पाठ–4

# रंग–बिरंगे पंख

एक दिन की बात है। गौतम नदी के किनारे अपने दोस्तों के साथ टहल रहा था। उसने वहाँ नीलकंठ को पेड़ पर बैठे हुए देखा, जो अपनी चोंच से अपने पंखों को सहला रही थी। पंखों को सहलाने में कुछ पंख उसके शरीर से झड़कर नीचे गिर गये। गौतम ने उसे उठा लिया। इधर–उधर बहुत सारे अन्य पक्षियों के पंख भी गिरे हुए थे। गौतम और उसके दोस्तों ने पंखों को चुन लिया।

1. **बताइए कि वहाँ किन–किन पक्षियों के पंख हो सकते हैं?**

______________________________________________

______________________________________________



2. **इन पंखों को पहचानिए और इन पक्षियों के बारे में जो जानते हैं, लिखिए।**

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

______________________________________________

गौतम और उसके दोस्त सुन्दर रंग–बिरंगे पंख पाकर बड़े खुश हुए।

अहमद ने कहा– 'इन पंखों को अपनी कक्षा में सजायेंगे।'

मोहन प्रसन्न होते हुए बोला– 'बड़ा मजा आएगा।'


साथियों के साथ चुपचाप बैठा श्याम भी कुछ सोच रहा था। चिड़िया आखिर खाती क्या होगी? क्या वह अपना घर आसमान में बनाती है? यदि नहीं तो फिर कहाँ?

श्याम ने दोस्तों से इन बातों की जानकारी लेनी चाही । सभी ने इन्हें पता लगाने का निश्चय किया।

**3. पता कीजिए कि कौन–से पक्षी क्या–क्या खाते हैं और कहाँ रहते हैं?**

| क्र.सं. | पक्षी का नाम | क्या खाते हैं? | कहाँ रहते हैं? |
|---|---|---|---|
| 1. | गौरैया | चावल, गेहूँ, कीड़े | पेड़ पर |
| 2. | | | |
| 3. | | | |
| 4. | | | |
| 5. | | | |
| 6 | | | |
| 7. | | | |
| 8. | | | |
| 9. | | | |
| 10. | | | |

राधिका एक पक्षी के घोंसले को बड़े ही ध्यान से देख रही थी। वह बोली– ''देखो, देखो, यह घोंसला कितना सुन्दर है।''



4. **बताइए कि पक्षी अपना घोंसला किन–किन चीजों से बनाते हैं?**

_______________ _______________ _______________

_______________ _______________ _______________

राकेश बोला– ''मेरे घर में एक गौरैया ने छप्पर में घोंसला बना लिया है। उसके दो छोटे–छोटे बच्चे भी उसमें हैं। गौरैया रोज़ अपने बच्चे को चोंच से दाना खिलाती है।''

इतना सुनकर उषा कहाँ चुप रहनेवाली थी। वह बोली– ''दादाजी ने कल ही तो छत पर मिट्टी के बर्तन में पानी रखा था। उन्होंने चावल का दाना भी छत पर बिखेरा था। थोड़ी देर बाद छत पर बहुत सारी गौरैया और कबूतर आ गए। माँ ने छत पर किसी को भी जाने नहीं दिया। चिड़िया आराम से दाना चुगती रही।''



बात करते–करते शाम होने लगी थी। चिड़ियाँ अपने घोंसले में लौटने लगी। गौतम भी अपने दोस्तों के साथ रंग–बिरंगे पंख लेकर घर लौट आया।

5. क्या आपने कभी पक्षियों को दाना–पानी दिया है?

---

---

---

6. आप अपने आसपास के पक्षियों को देखिए और पता कीजिए कि वे अपने बच्चों को दाना–पानी कैसे देते हैं? आप शिक्षक और अपने बड़ों की मदद ले सकते हैं।



---

---

---

7. नीचे लिखे पक्षियों जैसी आवाज़ निकालिए और इस तालिका को पूरा कीजिए।

तालिका

| पक्षियों के नाम | बोलियाँ |
|---|---|
| मुर्गा | कुकड़ूँ–कूँ |
| गौरैया | |
| कोयल | |
| कौआ | |
| तोता | |
| मोर | |
| बत्तख | |
| कबूतर | |

8. कुछ पक्षी आपके इलाके में दूर से आकर कुछ समय के लिए ठहरते हैं। अपने शिक्षक से पूछकर उनके नाम लिखिए।


9. अपने दादाजी या गाँव के किसी बुजुर्ग से पूछकर पता लगाइए कि कौन–कौन से पक्षी उनके समय में बहुत अधिक थे लेकिन आजकल कम या नहीं दिखलाई पड़ते हैं?

10. इसे पहचानिए तथा इसके संबंध में तीन–चार वाक्य लिखिए।




11. इन चित्रों में रंग भरिए और इनके बारे में आप क्या जानते हैं, लिखिए।

(i)




(ii)




(iii)



(iv)




12. आप चोंच के आधार पर पक्षी को पहचानिए और उनके नाम लिखिए।






________________ ________________





________________ ________________





________________ ________________

13. आप विभिन्न तरह के पक्षियों के पंख इकट्ठा कीजिए और अपने शिक्षक की मदद से चार्ट पर चिपका कर कक्षा में लटकाइए। पंखों के नीचे पक्षियों का नाम भी लिखिए।

CCC